सत्रहवीं लोक सभा के नवनिर्वाचित सदस्यों हेतु प्रबोधन कार्यक्रम में उद्घाटन भाषण

---

3 जुलाई 2019

संसद भवन परिसर

नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित इस प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में आप सबके बीच उपस्थित होकर मुझे अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है। मैं इस अवसर पर आप सबको सत्रहवीं लोक सभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित होने पर बधाई देता हूँ।

आपको मिला यह जनादेश इस बात का प्रमाण है कि जनता ने आप पर विश्वास व्यक्त किया है और आपको यह विशेषाधिकार लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए कार्य करने के महत्वपूर्ण दायित्व के साथ मिला है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप जनता की आकांक्षाओं पर खरे उतरेंगें।

किसी भी नई लोक सभा में कई सदस्य पहली बार चुनाव जीतकर आते हैं। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि इस लोक सभा में 264 सदस्य पहली बार निर्वाचित होकर आये हैं जोकि लोक सभा की कुल सदस्य संख्या का लगभग आधा हिस्सा है।